Regarding building of an International Cricket Stadium in Jabalpur Parliamentary Constituency

श्री आशीष दुबे (जबलपुर) : सभापति महोदया, मुझे समय देने के लिए धन्यवाद । मैं जबलपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं । इसका अपना गौरवशाली, वैभवशाली, समृद्धशाली इतिहास है। शिक्षा, पर्यटन और कृषि का यहां बड़ा केंद्र है । मैं आपके माध्यम से आज इस सदन में अपने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी का भी अभिनंदन करता हूं । मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इस देश की युवा शक्ति के लिए प्रयास किये हैं । उस युवा शक्ति को इस देश की युवा शक्ति बनाने की तरफ जिस तरह से योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है, निश्चित रूप से उनका अभिनंदन किया जाना चाहिए ।

महोदया, युवाओं को लेकर उनकी जो सोच है, उससे मैं अपने जबलपुर क्षेत्र को संबद्ध करते हुए आपके माध्यम से कुछ मांग करना चाहता हूं । जबलपुर युवाओं का बड़ा केंद्र है । वहां पाँच विश्वविद्यालय हैं । निश्चित रूप से जबलपुर महाकौशल का मुख्यालय होने के साथ-साथ हमारे विंध्य और बुंदेलखंड का भी कार्य संचालन वहीं से होता है । इसलिए, वहां के युवाओं का ध्यान रखते हुए जबलपुर में मैं एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने का अनुरोध करता हूं । मैं मानता हूं कि इस ओर निश्चित रूप से आपके माध्यम से ध्यान दिया जाएगा ।